हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

10 अपने रास्ते से भटके युवाओं को सही मार्ग पर लाना...



10 200 मीटर रेस में तमन्ना दौड़ी सबसे तेज



## खबर संक्षेप

### आज आठ घंटे बंद रहेगा ओल्ड पावर हाउस

**जींद।** नरवाना ओल्ड पावर हाउस की बिजली सप्लाई शुक्रवार को आठ घंटे बंद रहेगी। दक्षिण हरियाणा बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता हरिदत्त ने बताया कि इस दौरान पीजी क्लेप चेंज करने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पावर हाऊस से जुड़े 33 केवी बेलरखां और 33केवी गुरूसर सब स्टेशन की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### मालगाड़ी की चपेट में आने व्यक्ति की मौत

**कैथल।** सोलू माजरा गांव में बुधवार रात के समय मालगाड़ी की चपेट में आने से 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। व्यक्ति की मौत ट्रैक को पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई है। इससे उसके शरीर के ऊपर से गर्दन कट गई और बाकी हिस्से भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। मृतक की पहचान कुरुक्षेत्र के गांव अरनेचा निवासी ज्ञानी राम के रूप में हुई है।

### बाइक सवार के कब्जे से 7.21 ग्राम हेरोइन मिली

**जींद।** गांव शरल के निकट गढ़ी थाना पुलिस ने एक बाइक सवार को काबू कर उसके कब्जे से 7.21 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान खरल निवासी राजेंद्र के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।गढ़ी थाना पुलिस बुधवार देर रात को हमीरगढ़ गांव के बस अड्डे पर मौजूद थी।

### हजारों के जेवरात और सामान चोरी

**कैथल।** कस्बा कलायत से चोर हजारों रुपये के जेवरात चुरा कर ले गए। कलायत के सुरेश कुमार ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 मार्च को चोर उसके घर में घुसकर वहां पर रखे 19 हजार रुपए की नकदी सोने में चांदी व जेवरात, पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कुल कीमत करीब 6000 बताई गई है।

### पुलिस को मिली महिला परिजनों की तलाश जारी

**जींद।** रेलवे जंक्शन स्थित ऑटो स्टैंड से रेलवे पुलिस ने एक महिला को बरामद किया है। महिला गूंगी है और कुछ भी बता पाने में असमर्थ है। जिसके चलते युवती को नागरिक अस्पताल स्थित सखी सेंटर में छोड़ा है। रेलवे पुलिस परिजनों की तलाश कर रही है। रेलवे थाना पुलिस के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि ऑटो चालक ने सूचना दी थी।

### कॉलेज में आई युवती लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल के एक कॉलेज में पढ़ने आई एक छात्रा का गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सिविल लाइन पुलिस के तहत आने वाले गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 मार्च को उसकी 20 वर्षीय बहन कैथल के कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी।

### ट्रैक्टर-ट्राली चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** वाहन चोरों पर शिकंजा कसते क्योड़क स्थित एक ईंट भट्टे से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा पंजाब निवासी 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाउन कैथल निवासी अर्पित की शिकायत अनुसार वह गांव क्योड़क में जमीन ठेके पर लेकर खेती करता है।

### मारपीट में दंपती सहित चार घायल

**कैथल।** गांव बालू में हुई मारपीट में दंपति सहित चार व्यक्ति घायल हो गए। रापडिया पट्टी बालू की सुमन ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 मार्च को गांव के गुरुदेव, मनीष उर्फ काला, नवीन, गुरुदेव की पत्नी, दलवीर की पत्नी तथा नवीन की पत्नी ने लाठी से हमला करते उसे उसके पति सुखबीर को घायल कर दिया।

# चैत्र नवरात्र को लेकर माता की चुनरी, नारियल व पूजा सामग्री से सजे बाजार, श्रद्धालुओं की चहल-पहल बढ़ी

*मंदिरों में नवरात्र को लेकर तैयारी तेज, साज-सज्जा का किया जा रहा काम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र की शुरूआत 30 मार्च से होने जा रही है। नवरात्र पर्व को लेकर बाजार भी सज गए हैं। दुकानें मां की चुनरी, नारियल, पूजा सामग्री से गुलजार हो गईं हैं। श्रद्धालुओं ने नवरात्र को लेकर खरीदारी शुरू कर दी है। जिससे बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शाम होते ही पूजा सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ होने लगी है। वहीं मंदिरों पर नवरात्र को लेकर तैयारी तेज है। मंदिरों की साज-सज्जा का काम जोरों से चल रहा है और मंदिरों में श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना के लिए किसी तरह की परेशानी न हो, इसके विशेष बंदोबस्त किए गए हैं।

### नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज

नवरात्र के पहले दिन दुर्गा के रूप शैल पुत्री की पूजा की जाती है। इस मौके पर कई घरों व मंदिरों में कलश स्थापना व नौ दिन तक मां भगवती की ज्योत जलाई जाती है। नवरात्र पर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, शिव मंदिर, माता वैष्णवी धाम, श्री सांई मंदिर, रघुनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इस समय बाजारों में पूजा की थाली से लेकर व्रत के खाने का सामान और माता की चुनरी की दुकानें सजी हुई है। श्रद्धालु पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीद रहे हैं। व्रत वाले लड्डू, साबू दाना वाली नमकीन पहले से ही बाजार में मौजूद है। वही नवरात्र पर व्रतधारियों का ख्याल कर कंपनियां कई रेडिमेड खाने पीने की चीजें बाजारों में लेकर आई है। आलू चिप्स में भी कई क्वालिटी हैं। इस बार फ्राइड आलू चिप्स की बजाए बेकेड आलू चिप्स अधिक पसंद किए जा रहे हैं।

### इस तरह करेंगे श्रद्धालु नवरात्र पर्व पर पूजा

1. 30 मार्च रविवार को मां शैलपुत्री
2. 31 मार्च को मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा
3. एक अप्रैल मंगलवार को मां कूष्मांडा
4. दो अप्रैल बुधवार को मां स्कंदमाता
5. तीन अप्रैल गुरूवार को मां कात्यायनी
6. चार अप्रैल शुक्रवार को मां कालरात्रि
7. पांच अप्रैल शनिवार को मां महागौरी
8. छह अप्रैल मां सिद्धिदात्री, रामनवमी



**खाद्य पदार्थों की दुकानें सजी:** नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज किया जाता है। इसलिए बाजार में कुट्टू, फल, व्रत के अन्य सामानों की भी दुकानें सजी हैं। दुकानदार राजेश ने बताया कि नवरात्र को लेकर ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है। बाजार में रौनक है। व्रत वाले लड्डू, साबू दाना वाली नमकीन पहले से ही बाजार में मौजूद है। वही नवरात्र पर व्रतधारियों का ख्याल कर कंपनियां कई रेडिमेड खाने पीने की चीजें बाजारों में लेकर आई है।

### चार अप्रैल को मेला लगेग



शहर में मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। दुकानों पर व्रत के सामान व पूजन सामग्री बिकने लगी है। श्रद्धालु भी खरीददारी में जुट गए हैं। जयंती देवी मंदिर में 30 मार्च को सुबह आठ बजे हवन यज्ञ और नौ बजे कन्या पूजन होगा। जयंती देवी मंदिर के पुजारी चैत्र नवरात्रों में प्रतिदिन शाम को मां जयंती यज्ञ होगा। तीन अप्रैल को छठ पर मां जयंती मंदिर परिसर में जागरण होगा और चार अप्रैल को सप्तमी पर मेला लगेगा। भजन सध्यां और जागरण में मां की भेंट गाने के लिए देश व प्रदेश से कलाकार पहुंचेगें। मंदिर में पूजा के लिए किसी को परेशानी न हो, इसके लिए बेरिकेडिंग की जाएगी।

## इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब का लिया जायजा

# एनक्वास टीम ने नागरिक अस्पताल की टटोली नब्ज, मरीजों से भी की बातचीत

### टीम आज भी अस्पताल का निरीक्षण करेगी व रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेगी

*जगह-जगह दिखी सीलन बिल्डिंग मेनटेनेंस को ठीक रखने के निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम वीरवार को अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पहुंची। टीम ने अस्पताल में व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया और जो छोटी-मोटी खामियां मिली, उसे तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। टीम को सबसे ज्यादा कमी अस्पताल बिल्डिंग के रखरखाव को लेकर मिली। क्योंकि बिल्डिंग में जगह-जगह रिसाव के चलते सीलन थी। जोकि उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए ठीक नही थी। हालांकि टीम शुक्रवार को भी अस्पताल का निरीक्षण करेगी और रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपेगी। एनक्वास जांच के लिए केंद्रीय स्तर से डा. गगनदीप कौर (एक्सट्रनल असेसर) दो दिन तक जींद में रहकर नागरिक अस्पताल का गहनता से निरीक्षण करेंगी और विभाग को सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने के लिए सुझाव देंगी। निरीक्षण के पहले दिन उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब, फार्मेसी का निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं को जांचने का काम किए। टीम जब अस्पताल का निरीक्षण कर रही थी तो जगह-जगह सीलन दिखाई दी। जिस पर टीम ने बिल्डिंग मेनटेनेंस को ठीक से करवाने के निर्देश दिए। एक्रवास प्रभारी डा. अजय चालिया के अवकाश पर रहने के चलते उनके साथ चिकित्सा अधिकारी डा. सोनल व वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुनीता दूहन ने अस्पताल का निरीक्षण करवाया। बाकायदा मरीजों से भी अस्पताल की व्यस्थाओं के बारे में सवाल किए गए। एनक्वास टीम ने निरीक्षण के दौरान स्टाफ को निर्देश दिए गए कि वो मरीजों के प्रति अपना व्यवहार शालीन बना कर रखें। जो मरीज चल नही सकते, उनको व्हीलचेयर व स्ट्रेचर उपलब्ध कराएं। टीम ने मुख्य वार्डों का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार को भी टीम द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचने का काम किया जाएगा। शुक्रवार को टीम अपनी रिपोर्ट को फाइल में बंद कर लेगी और यह रिपोर्ट मुख्यालय में जमा कराई जाएगी। टीम के दौरे की पहले ही अस्पताल प्रशासन को सूचना थी। जिसके चलते पहले नागरिक अस्पताल में खामियों को दूर कर व्यवस्था को चाक चौबंद रखा गया। निरीक्षण के दौरान कोई बड़ी खामी नजर न आए, इसका विशेष ध्यान रखा गया। पूरा स्टाफ अलर्ट मोड पर रहा। चिकित्सक व स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारी ड्रेस कोड में दिखाई दिए।



नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं को जांचते एनक्वास टीम प्रभारी डा. गगनदीप।

### सुझाव पर अमल शुरू : डा. भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि एक्रवास टीम दो दिन के निरीक्षण दौरे पर है। टीम द्वारा अस्पताल प्रशासन को जो-जो सुझाव दिए गए हैं, उन दिशा-निर्देशों की पालना की जाएगी। अस्पताल 200 बैड का है और स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी है। बावजूद इसके अस्पताल में आने वाले मरीज को स्वास्थ्य विभाग की हर सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाता है।

### इलाज के लिए दर-दर भटकते रहे मरीज

**अलेवा।** नगूरां पीएचसी के कर्मचारी तथा अधिकारी करीब एक-दो सप्ताह पूर्व किसी जांच के सिलसिले में सिविल सर्जन कार्यालय पहुंच गए। जिसके कारण पीएचसी में इलाज कराने पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब दो सप्ताह पूर्व नगूरां पीएचसी में किसी बात को लेकर मौजूदा अधिकारी तथा दो महिला कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। मामला इतना बढ़ गया था कि मामला नगूरां पुलिस चौकी के पास पहुंच गया लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करवा उस समय तो मामले को शांत करवा दिया। लेकिन जैसे ही मामला स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के पास पहुंचा तो सिविल सर्जन कार्यालय की तरफ से डा. संदीप लोहान, डा. अनिल कुमार तथा डा. मंजू के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन कर पीएचसी में स्थित एक अधिकारी समेत नौ कर्मचारियों को सिविल सर्जन कार्यालय में तलब कर लिया लेकिन विंडबना देखिए कि जांच कमेटी ने धरातल व पीएचसी की छुटी होने के बाद जांच करने की बजाय कार्यालय समय में ही सभी कर्मचारियों तथा अधिकारियों को जांच के लिए बुला लिया। जिसके कारण पूरे दिन पीएचसी में मरीज इलाज के लिए भटकते रहे।



**कैथल।** डीएसपी गुरविंद्र सिंह मामले की जानकारी देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

# महिला पर फायरिंग का आरोपी दबोचा, चौदह वारदातें कबूली

- आरोपी का अदालत से 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला पर फायरिंग करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट ने एक आरोपी को काबू कर लिया गया। प्रैस वार्ता दौरान डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने जानकारी देते बताया कि गुरु ब्रहमानन्द कॉलोनी पूंडरी में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला उर्मिला की शिकायत अनुसार वह पिछले 8/9 साल से पति व देवर मंजीत के साथ हैयर सेलून व ब्यूटी पार्लर चलाती है। 4/5 साल पहले उसके पति के चाचा का लड़का बीरबल उनके सैलून पर काम करता था। जिसके आपराधिक काम करने की वजह से कई बार पुलिस द्वारा पकड़ा गया था, जिससे उन्होंने बीरबल को दुकान से हटा दिया था। जिसकी वजह से वह उनसे रंजिश रखने लगा व कई बार उसने उनसे झगड़ा भी किया। 21 मार्च दोपहर करीब 1.30 बजे बीरबल उनके सैलून पर आया तथा उसने उसके साथ मारपीट शुरू करदी, शोर सुनकर उसका देवर मंजीत भी वहां आ गया। इसी दौरान बीरबल ने अपने पेंट से पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की, जो गोली उसकी गर्दन को छूकर निकल गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते मौके से फरार हो गया। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था।

### पूछताछ जारी

व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2023 से 2025 तक कैथल व करनाल एरिया में 14 अन्य छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। जो कैथल एरिया में आरोपी द्वारा 8 व करनाल एरिया में 6 छीना झपटी की वारदात की है। आरोपी का व्यापक पूछताछ के लिए वीरवार को अदालत से 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

### नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में साधु की मौत

**कैथल।** कैथल के गांव किठाना में नेशनल हाइवे 152 डी पर सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गई। मृतकों में से एक कलायत के गांव खरक पांडवा में डेरे का साधु है, जबकि दूसरा युवक दिल्ली का बताया गया है। हालांकि युवक की अभी पुख्ता पहचान नहीं हो पाई है लेकिन पुलिस उसकी पहचान करने के प्रयास कर रही है। दोनों किसी काम से कार में सवार दिल्ली जा रहे थे और बीठमड़ा जिला हिसार से गए थे। महंत किसी दूसरे डेरे से खरक पांडवा में आता-जाता रहता था। जब वह वापस आ रहे थे और गांव किठाना के पास पहुंचे तो हादसा हो गया। कार अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई, जिसमें दोनों के मौके पर मौत हो गई। घटना वीरवार को सुबह करीब छह बजे की है। साधु की उम्र करीब 32 वर्ष और मृतक युवक की उम्र करीब 34 वर्ष है।

# हत्या के दोषी को दस साल की कैद, 30 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अदालत ने सदोष मानव वध के एक मामले में दोषी को 10 साल की कैद और 30000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 5 माह के अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सोहन लाल निवासी गांव जाखोली ने थाना तितरम में 11 अगस्त 2021 को मुकदमा नंबर 174 दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने की। गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता सोहन लाल 1 अगस्त 2021 को अपनी गार्ड की ड्यूटी पर कैथल आया हुआ था। उसके चचेरे भाई रिंकु ने उसे फोन पर बताया कि तेरे भाई मोनु को सांस लेने में परेशानी हो रही है, उसे सरकारी अस्पताल में दाखिल किया हुआ है। सोहन अस्पताल पहुंचा। वहां रिंकु व परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि मोनु ने सुरेश वासी जाखौली के मीटर की तार खींच दी थी जिससे सुरेश व मोनु की आपस में कहा सुनी हो गई थी। सुरेश ने मोनु को डंडा भी मारा है लेकिन मोनु के शरीर पर कोई चोट दिखाई नहीं दी। फिर सोहन ड्यूटी पर चला गया। उसके बाद सोहन के पास चाचा राजेश का फोन आया कि ईलाज के दौरान मोनू की मृत्यु हो गई है।

### सड़क हादसे में एक युवक की जान गई, तीन घायल

**कैथल।** नेशनल हाइवे 152 डी पर चंदलानां के पास सडक दुर्घटना में बीरवार रात के समय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 3 अन्य घायल हैं। ढांड पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी एएसआई सुरेश ने बताया कि नेशनल हाइवे 152 डी पर दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। घायलों को इलाज के लिए तुरंत कैथल भेज दिया गया। बताया कि रात के समय 4 लडके बोंदकला जिला चरखी दादरी से थार गाड़ी में सवार होकर चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में चंदलाना के पास ट्रक हाइवे पर पल्टा हुआ था। जिससे थार गाी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोर से हुई कि थार के एयर बैग खुलने के बावजूद भी उसमें बैठी सवारियों को गंभीर चोटें आई। अस्पताल में पहुंचने पर डाक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया और एक लडके को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए भर्ती किया गया।

# विदेश भिजवाने के नाम पर मिली यातनाएं बनाया बंधक, युवक से 27.75 लाख ठगे

- महिला पुलिस कर्मचारी सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना शहर कैथल पुलिस ने युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 27.75 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में हरियाणा पुलिस में कार्यरत हेड कांस्टेबल सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत में खेड़ी लांबा के रमेश ने बताया कि वह 30 अक्टूबर 2022 को पुर्तगाल गया। वहां पर उसकी बातचीत कल्याणी जिला करनाल के सतबीर के साथ हुई। सतबीर ने 15 जुलाई 2024 को उसकी बातचीत सुनील के साथ करवाई तथा सुनील ने उसकी बातचीत संजू तथा दीपू व सीमा से करवाई। सभी ने उसे विश्वास दिलाया कि वे उसे 22 लख रुपए में अमेरिका भिजवा देंगे। बता दे कि सीमा हरियाणा पुलिस कुरुक्षेत्र में ईएचसी के पद पर कार्यरत है। उसने रुपयों की जिम्मेवारी उठाई। उपरोक्त दोषियों के कहने पर अगस्त 2024 में 27 लाख 75 हजार की राशि दे दी। इसके बाद आरोपियों ने उसे पहले पुर्तगाल से स्पेन फिर फ्रांस, बेल्जियम, एक्सट्रैडियम तथा वहां से गोहाना फिर ब्राजील व कोलंबिया ले गए। इसके बाद पनामा के जंगलों में ले जाकर छोड़ दिया वहां पर कुछ लोगों ने उसे बंधक बनाकर बुरी तरह से पिता तथा वीडियो कॉल के माध्यम से उसके घर वालों से 270000 रुपए के डॉलर भी भिजवाए। इसके बाद आरोपियों ने उसे मेक्सिको के रास्ते अमेरिका में घुसा दिया। वहां पर पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया तथा 16 फरवरी 2025 को उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। बाद में जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया।

**स्कूल वैन हादसा** | परिचालक भी नही, आगे वाली सीट पर बैठे थे बच्चे

# परिवहन विभाग करेगा जांच, सात यात्रियों की क्षमता, बैठे थे 14 लोग

*हादसे में पांच बच्चों और चार महिला अध्यापिकाओं को चोटें आई थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव नगूरां में प्राइवेट स्कूल की बस का बुधवार को टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के मामले में परिवहन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे में पांच बच्चों और चार महिला अध्यापिकाओं को चोटें आई थी नियमों को ताक पर रख कर चल रही इस स्कूल वैन में सात यात्रियों की क्षमता है लेकिन घटना के दौरान करीब 14 बच्चे और स्टाफ टीचर मौजूद थे। वैन में परिचालक भी नही था और बताया जा रहा है कि आगे वाली सीट पर बच्चे बैठे थे। स्कूल वैन में क्षमता से अधिक लोगों का बैठना या बस वैन में फिटनेस की कमी हादसे का कारण हो सकता है। परिवन विभाग इस मामले की जांच करेगा। इसके बाद ही हादसे का सही कारण पता चल पाएगा। आरटीए विभाग द्वारा रूटीन में स्कूल बसों की चेकिंग कर फिटनेस जांच की जाती है। हालांकि यह जांच नियमित होनी चाहिए लेकिन जब भी कोई हादसा होता है तो विभाग के कर्मचारी नींद से जाग जाते हैं लेकिन दो से तीन दिन तक अभियान चलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। जिले भर में 300 के करीब निजी स्कूल हैं, जिनमें एक हजार से ज्यादा बसें चल रही हैं। इनमें 30 प्रतिशत से ज्यादा बसें विभाग के नियमों पर खरा नही उतर रही हैं। इसके बावजूद भी ये बसें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा कर बे रोकटोक चल रही हैं। इतना ही नहीं शहर में भी ऐसे कई स्कूल हैं, जो बसों की बजाए छोटे वाहनों जैसे ऑटो में बच्चों को ढोने का काम करते हैं।



### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

एडीसी विवेक आर्य ने बताय कि स्कूल बस हादसे मामले में जिसकी भी लापरवाही पाई जाती है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्कूल बसों की पिछले दिनों जिला परिवहन ने जांच की थी। इस स्कूल वैन की जांच हुई थी या नही, अगर जांच हुई थी तो उसमें क्या पाया गया था। उसका पता किया जाएगा।



**नरवाना।** अवैध निर्माणों को गिराते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### अवैध कालोनी को ध्वस्त किया

**नरवाना।** जिला नगर योजनाकार अंजू के नेतृत्व में गठित विभागीय टीम ने पुराने हिसार रोड़ स्थित नरवाना में 18 एकड़ में फैली अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे अवैध कब्जा को हटवाया। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि नरवाना क्षेत्र में तथा कथित कॉलोनी पूर्ण रूप से विभागीय नियमों से परे हैं और अनाधिकृत भी है। इस कॉलोनी के क्षेत्रवासियों द्वारा अवैध रूप से रिहायशी प्लाट वगैरहा काटकर गैर कानूनी तरीके से बेचे और खरीदे जा रहे हैं और काफी क्षेत्र में लोगों ने अवैध कब्जे भी कर लिए थे। उन्होंने बताया कि इस अनाधिकृत कॉलोनी में 37 प्लाटों में नींव भराई का कार्य किया हुआ था और 12 प्लाटों में डीपीसी लगाकर चारदीवारी तक निकाली जा चुकी थीए इसके अलावा कच्ची सड़के भी बनाई गई थी जिसको पीले पंजे के साथ उखाड़ा गया।

## खबर संक्षेप

### दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**जींद।** दो स्थानों से नाबालिग सहित दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना क्षेत्र के व्यक्ति ने पुलिस को शिकातय में बताया कि गत 25 मार्च को उसकी पत्नी व बेटा प्रिंस संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए। उधर, सदर थाना के तहत एक व्यक्ति ने बताया कि खरकरामजी हैचरी पर काम करता है।

### एआई और एनालिटिक्स कार्यक्रमों पर दिया जोर

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की तरफ से वीरवार को छात्रों की इंटर्नशिप को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें राष्ट्रीय कौशल विकास कारपोरेशन से मृगयांक मोंडल, ईवय कंपनी से तरुण शर्मा एवं एचसीएल टैक से कुमारी मिशिका नरूला और अग्निमित्र रे पहुंचे और उन्होंने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी दी। भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के तहत एनइडीसी एवं एचसीएल टेक का एक सांझा कार्ग्रम है।

### एथलेटिक लड़कों की ट्रायल एक अप्रैल को

**जींद।** नवदीप स्टेडियम नरवाना में एथलैटिक (लड़कों) खेल की 25 खिलाडियों की आवासीय खेल अकादमी अलॉट की गई है। इसमें खिलाडियों की संख्या कम होने के कारण खिलाडियों की संख्या पूरी करने के लिए विभागीय निर्देशानुसार एथलैटिक खिलाडियों के चयन को लेकर ट्रायल लिए जाने हैं। इसमें 12 से 19 आयु वर्ग के खिलाडियों का चयन एक अप्रैल को सुबह नौ बजे नवदीप स्टेडियम नरवाना में किया जाएगा।

### समस्याओं का समाधान प्रशासन की जिम्मेदारी

**जींद।** सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने की। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की शिकायतों का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। इस व्यवस्था के तहत किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाता है।

### लंबित शिकायतों का समाधान के निर्देश

**नरवाना।** उपमंडल प्रशासन द्वारा प्रभावी ढंग से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को एसडीएम जगदीश चंद्र ने समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकतर का मौके पर ही समाधान करवाया गया। लंबित शिकायतों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम जगदीश चंद्र ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित लंबित समस्याओं का सप्ताह भर में समाधान करना सुनिश्चित करें।

### अंतःकरण की शुद्ध बगैर आनंद नही

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि संसार में हमारा अस्तित्व शरीर और आत्मा दोनों के संयोग से है। हम शरीर पोषण के लिए तो दिन रात लगे रहे और आत्म कल्याण के लिए जनकल्याण के कार्यों को कोई स्थान न दें। मात्र राई रतिभर पूजा पाठ को ही पर्याप्त समझे तो यह किसी और से नहीं अपने आप से बहुत बड़ा धोखा है।

### बसपा की जिला कार्यकारिणी गठित

**जींद।** बसपा के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने जिला कमेटी का गठन किया है। इसमें सत्यवान मांडी, धर्मबीर भुक्कल, अशोक रेढू, राजेश मेहंदिया, रंगीन हंसडहर को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। जिला प्रधान राकेश ने कहा कि पं नरेश को जिला उपाध्यक्ष, रणधीर को जिला महासचिव, पुरूषोत्तम को जिला कोषाध्यक्ष, सत्यवान अलीपुर, जय नारायण, राकेश , सलमा खान, अमित राठी को जिला सचिव नियुक्त किया।

## 15 गांवों व छह वार्डों को मिला ड्रग मुक्त गांव का सम्मान

# अपने रास्ते से भटके युवाओं को सही मार्ग पर लाना समाजसेवा : एडीजीपी

अबतक जींद जिले के 86 गांव व 15 वार्ड ड्रग मुक्त घोषित

## सरपंच और पंचायतों को ड्रग मुक्त अवार्ड से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव सिंगवाल में गुरूवार को ड्रग्स के खिलाफ एकजुटता व ड्रग मुक्त समाज के मध्यनजर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा सामुहिक रुप से आयोजित इस कार्यक्रम में एडीजीपी हिसार मंडल डा. एम. रवि किरण मुख्यअतिथि के रुप मे पहुंचे। इस कार्यक्रम में 25 गांवों के सरपंच, पंचायत सदस्य व गणमान्य व्यक्तियों सहित युवा व मातृ शक्ति ने भारी सख्यां मे भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यअतिथि एडीजीपी हिसार मंडल का पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व दर्जनों गांवों के सरपंचों ने स्वागत किया। मुख्यअतिथि ने इन गांवो को ड्रग मुक्त गांव के सम्मान से नवाजा गुरथली, हथो, सिंसर, सिंगवाल, कर्मगढ़, अमरगढ़, काब्रछा, गढ़वाली, जैजैवंती, अलीपूरा, खरकभूरा, हाड़वा, अंबरसर, खातला, जींद के वार्ड नंबर 15 व 16, नरवाना के वार्ड नंबर 11 व 12, उचाना का वार्ड नंबर तीन व सफीदों का वार्ड नं 10 हैं। डीजीपी हिसार मंडल डा. एम. रवि किरण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस टीमें ड्रग से प्रभावित गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर ड्रग से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करती है। पीडितों की काउंसलिंग करवाई जाती हैं व उन्हें इलाज के लिए प्रेरित कर नशे से छुटकारा दिलवाने के लिये उपचार करवाया जा रहा है। पुलिस टीमों द्वारा जिला जींद के 132 गांवो में सर्वे किया गया है। सर्वे के दौरान टीमों ने 1234 व्यक्तियों की पहचान की है, जो ड्रग की लत की गिरफ्त में हैं। चिन्हित किए गए ड्रग पीडितों में से 646 ड्रग पीड़ितों का उपचार शुरु करवाया गया है। अच्छी बात यह है कि टीम ने सर्वे के दौरान पाया है कि जो नशे से पीड़ित थे वे सुधर रहे हैं। जिला जींद मे करीब 130 ड्रग पीड़ितों ने नशा छोड दिया है, कुछ लोगों ने नशे की मात्रा को कम कर दिया है व नशे से छुटकारा पाने की दिशा मे उपचार पा रहे है। एडीजीपी ने कहा कि जिन गांवों को ड्रग मुक्त किया है, वहां कि पंचायतों को सचेत रहना पडेगा। युवाओं को खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। खेलों के माध्यम से न केवल युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगेगी बल्कि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होगा।


ड्रग के विरूद्ध अच्छा कार्य करने वाले लोगों का सम्मानित करते एडीजीपी।


जींद। नशे के खिलाफ शपथ दिलाते एडीजीपी। फोटो :हरिभूमि

### ड्रग्स की डिमांड-सप्लाई की चेन को तोड़ना लक्ष्य

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने ने सभी सरपंचों को अपना संपर्क नंबर नोट करवाया व कहा कि आपके की समस्या, ड्रग तस्करों व ड्रग पीड़ितों से संबधी सुचना उन्हें दे सकते हैं। समाज में ड्रग्स की डिमांड व सप्लाई चेन दोनों को तोड़ना ही एकमात्र लक्ष्य है।

# सामाजिक सुरक्षा की उठाई मांग

- आशा वर्कर्स के सम्मेलन में 21 सदस्यीय जिला कमेटी का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आशा वर्कर यूनियन का पांचवां जिला सम्मेलन मजदूर भवन में संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता नीलम व मंजू छात्तर ने की जबकि संचालन राजबाला ने किया।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से 21 सदस्यों की जिला कमेटी का चुनाव किया गया। सम्मेलन में शामिल आशा वर्कर्स ने अपने सामने आने वाली समस्याओं जैसे न्यूनतम वेतन, प्रोत्साहन राशि की कमी, सामाजिक सुरक्षा और सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करने की मांग को उठाया गया। सम्मेलन की शुरुआत यूनियन के ध्वजारोहण व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। यूनियन की राज्य अध्यक्ष सुरेखा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। हमें एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को गर्मी, सर्दी और बारिश में भी काम करना पड़ता है, फिर भी उन्हें उचित मानदेय और सुविधाएं नहीं मिलती।


जींद। आशा वर्कर्स को संबोधित करती वक्ता। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। शिविर में रक्तदान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**नरवाना।** राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजनाए एनसीसीए रैड रिब्बन क्लब एवं रैड क्रास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य लाल सिंह के द्वारा दीप परज्वलन से किया गया। प्रोफेसर लाल सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। यह मनुष्य के द्वारा निरूस्वार्थ भाव से सेवा करने का सर्वोत्तम कर्तव्य है। युवाओं को प्रेरित करते अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग खेल के मैदान प्रयोगशाला, एशिक्षालयों, कृषि एवं वानिकी, उद्योग एवं अन्य राष्ट्र निर्माण के उपकरणों में करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में दान की परंपरा आदिकाल से रही है। महर्षि दधीचि ने असुरों के विनाश के लिए अपनी हड्डियां दान दी थी।

### सरकार के फैसले का खाप ने किया स्वागत

**जींद।** खापों ने सरकार के उस बयान का स्वागत किया है जिसमें कहा गया है कि गन कल्चर व अश्लील 100 गानों को डिलिट किया जाएगा और इसे लेकर कानून बनाया जाएगा। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, जुलाना बाराह खाप पंचायत प्रधान बसाऊ लाठर, पूनिया खाप पंचायत प्रधान शमशेर सिंह पूनिया, जयपाल सिंह दहिया ने गुरूवार को सरकार को चेताया कि बिना भेदभाव किए सभी उन कलाकारों के गानों को डिलिट किया जाए, जो समाज में गंदगी फैला रहे हैं। खाप पंचायतों ने उन कलाकारों को लताड़ते हुए कहा कि जिसके गंदे गाने कटते हैं वो समाजों को अपने पीछे जोड़ कर दबाब बनाना चाहता है। जो सही नही है। क्योंकि गंदा गाना सब समाजों को प्रभावित करता है। इसलिए सभी को इसका विरोध करना चाहिए। प्रत्येक कलाकार किसी न किसी समाज से जुड़ा हुआ होता है, अकेला कोई नही होता है।

### स्वयंसेवकों ने गोशाला में किया श्रमदान

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप का चौथा दिन वीरवार को रहा। सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को देशभक्ति व देशसेवा के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू द्वारा सभी विद्यार्थियों को देशहित में कार्य करते हुए उसके मान व सम्मान के लिए प्रेरित किया गया। सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने देश सेवा की शपथ ली एवं देश की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. रविंद्र ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रत्येक विद्यार्थी को देशभक्ति व देश सेवा के लिए पूरे उत्साह व ईमानदारी के साथ तत्पर रहना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी विद्यार्थियों ने स्थानीय गौशाला में श्रमदान भी किया व वहां की व्यवस्था में अपना सहयोग दिया।


जींद। गोशाला में श्रमदान करे स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। बैठक में भाग लेते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना की बैठक प्रधान अर्जुन गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रधान अर्जुन गोयल ने संस्था द्वारा रक्तदान शिविर की सफलता पर बधाई देते सभी की धन्यवाद किया। कहा कि 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन करते कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आपस में डयूटी लगाई। संस्था महासचिव राहुल बंसल ने बताया कि कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में सांय 4 से 7 बजे तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सभी शहरवासी सहपरिवार आमंत्रित हैं। सूर्या जादूगर द्वारा हनुमान जी की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। उपाध्यक्ष जोनी सिंगला, कोषाध्यक्ष पवन मित्तल, प्रैस सचिव दीपक सिंगला, अशोक गर्ग मौजूद रहे।

### छठा सर्पदमन नाट्य उत्सव संपन्न

**सफीदों।** रास कला मंच द्वारा आयोजित छठा सर्पदमन नाट्य उत्सव एवं सर्पदमन सम्मान समारोह का समापन हो गया। समापन अवसर पर विलियम शेक्सपियर द्वारा लिखित विश्व प्रसिद्ध नाटक मैकबेथ का मंचन किया गया, जिसका निर्देशन अंकिता व मार्गदर्शन रविमोहन ने किया। कलाकारों की प्रस्तुति का दर्शकों ने खूब सराहा और दर्शन भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डीएसपी गौरव शर्मा ने शिरकत की। अपने संबोधन में डीएसपी गौरव शर्मा ने कहा कि एक छोटे शहर में इस प्रकार का बेहतरीन आयोजन अत्यंत सराहनीय है और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। उन्होंने नाटक मैकबेथ के शानदार मंचन की जमकर तारीफ की और इसे एक सांस्कृतिक विरासत को संजोने वाला अद्भुत प्रयास बताया।


सफीदों। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। मंच पर मौजूद गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### होनहार छात्रों को सम्मानित किया

**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। माननीय प्रबंध समिति के संरक्षक पवनए अध्यक्ष कृष्ण चुघ, प्रबंधक दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवरए महिला प्रतिनिधि डॉ शोभा जांगड़ा और सदस्य अजय द्वारा दीप प्रज्वलन करवाया गया। सभी बच्चोंए अभिभावकए प्रबंध समिति ने मां सरस्वती की वंदना की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य जोगिंदर ने प्रबंध समिति एवं आए हुए आगंतुकों का परिचय कराया और अपने विचार व्यक्त करते हुए परीक्षा फल का वृत्त देकर सबको अवगत कराया। परीक्षा प्रमुख रामकेश एवं संदीप ने सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम सुनाया। इसमें प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी बच्चों को प्रबंध समिति एवं कक्षा आचार्य द्वारा पुरस्कार दिए गए।


विजेता बच्चों के साथ प्राचार्या कोमारानी व मुख्य वक्ता वीना कुमारी।

### स्लोगन लेखन में नेहा प्रथम

**अलेवा।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सौजन्य से पीएम श्री बलिदानी सुभाष चंद्र राकवमावि नगूरां में निपुण बातचीत कार्यक्रम के तहत भोजन, स्वास्थ्य और सफाई विषय पर विभिन्न गतिविधियां जैसे पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन व माडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या कोमारानी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की प्राचार्या वीना कुमारी ने भाग लिया। कार्यक्रम के पोस्टर मेकिंग में आशी ने प्रथम, अर्मिता ने द्वितीय तथा शीतल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में नेहा ने प्रथम, गायत्री ने द्वितीय तथा दिपांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य वक्ता वीना कुमारी ने विचार प्रकट करते बच्चों को किशोरावस्था में खान-पान तथा सफाई के प्रति विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

# विजेताओं को सम्मानित किया

- जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौलिक शिक्षा विभाग व रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान मे राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय जींद शहर में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा पहली से पांचवीं व कक्षा छठी से आठवी के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, रक्तदान विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि आजकल बच्चे परीक्षा समय मे मानसिक तनाव ले लेते हैं। बच्चों को मानसिक तनाव से दूर करने ओर उनकी प्रतिभा को आगे लाने के लिए इसे विषयों का चयन किया। जिसमें बच्चों ने नशा विनाश का कारण है यह संदेश अपनी पेंटिंग से देने का प्रयास किया। हम सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा नहीं तो पर्यावरण दूषित होने से हम अनेक बीमारियों से ग्रसित होकर अकाल मृत्यु का पात्र बन जाएंगे। इस प्रकार से जागरूक करने के लिए बच्चों ने पर्यावरण सुरक्षा की पेंटिंग बनाई व किसी भी व्यक्ति का रक्त नालियों व सड़कों पर ना बहे बल्कि किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने मे काम आए। इस प्रकार का संदेश बच्चों ने रक्तदान विषय की पेंटिंग बना कर दिया।


जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी स्कूल में वार्षिकोत्सव

**जींद।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि एक चरण का समापन और दूसरे नए चरण की शुरुआत है वार्षिकोत्सव। जिस उत्सव को सभी उत्सुकतावश व खुशहाली से मनाते हैं। डीएवी विद्यालय की अपनी एक अलग पहचान है। जिसमें आने के लिए सभी आतुर हैं। 20 सालों से डीएवी विद्यालय के बच्चे सरहद की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए राखियां भेज रहे हैं। जो अपने आप में ही श्रेष्ठता का प्रमाण है। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का समापन धूमधाम से किया गया। अवसर पर विशिष्ट अतिथि वकील रजत श्योराण व असिस्टेंट टाउन प्लानर रोहतक वैशाली रेढू रही। जो इसी विद्यालय में पढ़े छात्र व छात्रा हैं। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि डीएवी विद्यालय हर बार उन्हीं बच्चों को अतिथि के रूप में बुलाता है।

## हिंदू कन्या कालेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# 200 मीटर रेस में तमन्ना दौड़ी सबसे तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ वीरवार को राष्ट्रीय गान से किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन डा. नीलम रानी व मीना के द्वारा किया गया। वार्षिक खेलकूद समारोह के प्रथम दिन कालेज की छात्राओं ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लिया। 200 मीटर दौड़ में तमन्ना बीए प्रथम वर्ष प्रथम रही। 1600 मीटर दौड़ में तमन्ना बीए प्रथम वर्ष प्रथम रही। थ्री लैग रेस में दिशु बीए प्रथम वर्ष तमन्ना बीए प्रथम वर्ष प्रथम रही। निधी व पूजा की जोड़ी द्वितीय, स्नेह एवं ज्योति की जोड़ी तृतीय रही। शॉट पुट में रितु एमए प्रथम वर्ष प्रथम, तमन्ना बी प्रथम वर्ष द्वितीय एवं शालानसी बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। नींबू दौड़ में मुस्कान बीए प्रथम वर्ष प्रथम, अंजलि प्रथम वर्ष द्वितीय एवं स्नेह बीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। मटका रेस में रेनू बीए द्वितीय वर्ष प्रथम, संजू एमए द्वितीय वर्ष द्वितीय एवं अंशु बीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। सैक रेस में शालानसी बीए प्रथम वर्ष प्रथम, तमन्ना बीए प्रथम वर्ष द्वितीय एवं प्रीति बीकॉम तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में दिशु बीए प्रथम वर्ष प्रथम, पूजा बीए द्वितीय वर्ष द्वितीय एवं कीर्ति बीकॉम प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। जैवलियन थ्रो में रेनू बीए प्रथम वर्ष प्रथम, प्रीति बीकॉम प्रथम वर्ष द्वितीय एवं सपना तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही।






जींद। बैठक में उपस्थित समाजसेवी राजकुमार गोयल व संस्था के पदाधिकारी।

### बनखंड महादेव से शुरू होगी ध्वजा यात्रा

**जींद।** जय मां बनभौरी सेवा समिति की बैठक प्रधान सुनील गोयल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में समाजसेवी राजकुमार गोयल ने बताया कि 29 मार्च की विशाल ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान मंगल पाठ किया जाएगा। गोयल ने बताया कि 29 मार्च को बनखंड महादेव मंदिर से बनभौरी धाम तक की पैदल ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे भाग लेंगें। हाथों में ध्वजा लिए सैकड़ों श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए बनखंड महादेव हांसी रोड जींद से अपनी यात्रा शुरू करेंगे। प्रधान सुनील गोयल ने बताया कि यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों देवीलाल चौक अंडरपास, चक्कर रोड, घंटाघर, बैक रोड, रामराये गेट, झांझ गेट, पटियाला चौक से होती हुई 30 मार्च को बनभौरी धाम पहुंचेगी। यह कार्यक्रम बनभौरी धाम मंदिर के पुजारी पुलकित कौशिक के पावन सानिध्य में संपन्न होगा।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने बैठक में आवश्यक निर्देश दिए

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा ने अपने कार्यालय में रबी सीजन को लेकर अधिकारियों, कर्मचारियों, मंडी एसोसिएशन व मिलर्स के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक अप्रैल से मंडी में गेहूं की खरीद शुरू होगी, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी तैयारी पूरी रखें। पर्याप्त संख्या में नमी मापक यंत्र होने चाहिए। किसानों को खरीद प्रकिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन तीस से

**पूंडरी।** पूण्डरीक तीर्थ, मंदिर सुधार सभा द्वारा पूंडरी में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक भव्य संगीतमयी श्री राम क था महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री राम मंदिर, नाग हृदय (काला कुंड) पूंडरी में होगा। आज नगरपालिका की चेयरपर्सन बब्ली गोस्वामी व प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गर्ग राजू को कार्यक्रम का निमंत्रण देने सभा के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कथा का शुभारंभ 30 मार्च को सुबह 9 बजे कथा यात्रा के साथ होगा।

### विभागीय खेल नर्सरी का संचालन एक अप्रैल से

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा जिला कैथल में विभागीय खेल नर्सरी का संचालन एक अप्रैल से किया जाएगा। खेल नर्सरियों के ट्रायल 29 मार्च को सुबह नौ बजे विभिन्न खेल स्टेडियमों में लिए जाएंगे। बताया कि कुश्ती के लिए बात्ता के राजीव गांधी खेल स्टेडियम (लड़के), जुडों के लिए पट्टी अफगान स्थित जीजीएस खेल स्टेडियम (लड़के व लड़की), जिम्नास्टिक के लिए फतेहपुर राजीव गांधी खेल स्टेडियम में स्थान निर्धारित किए है।

### कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग पर प्रशिक्षण

**पूंडरी।** पूंडरी में कृषि विभाग के सहयोग से हिल इंडिया लिमिटेड भारत सरकार का एक उद्यम द्वारा कीटनाशकों के सुरक्षित एवं सुनियोजित उपयोग विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकुमार गर्ग के प्रतिष्ठान पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 337 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया व कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के महत्व को समझा।

### गांव भागल से हजारों का ट्रांसफार्मर चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** चीका पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी का एक मामला दर्ज किया है। बिजली निगम चीका के एसडीओ दीपक शर्मा ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 18 मार्च को गांव भागल के करण सिंह के खेतों में रखा बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत करीब 50000 बताई गई है।

## नगर परिषद व सभी नगर पालिकाएं जल्द चलाएं अतिक्रमण हटाओ अभियान

# अतिक्रमण शहर में बड़ी समस्या, तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की जरूरत : प्रीति

### मीटिंग से गैरहाजिर रहने पर सीईओ जिला परिषद, डीडीपीओ तथा डीएफओ को कारण बताओ नोटिस किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सड़क सुरक्षा के मद्देनजर शहरों में अतिक्रमण एक गंभीर समस्या है, जिससे निपटने के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। इससे यातायात तो बाधित होता ही है, बल्कि यह हादसे का भी कारण बनता है। नगर परिषद, सभी नगर पालिकाओं में अधिकारी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएं। इस अभियान में संबंधित थाना पुलिस का सहयोग लें। सभी एसडीएम भी इस अभियान को मॉनिटर करें। वीरवार से ही अतिक्रमण के लिए नोटिस जारी करने शुरू किए जाएं। निर्धारित अवधि के बाद पक्के अतिक्रमण भी हटाया जाएं। डीसी प्रीति वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति के बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। डीसी प्रीति ने कहा अपने विभाग की सड़कों को दुरूस्त करने सहित अन्य सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित करें। सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के बाहर सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी मानक पूरे होने चाहिए। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिन बसों को चेक किया गया था, उन सभी बसों में पुलिस, आरटीए तथा शिक्षा विभाग मानकों को पूरा करवाएं। जो बस इनका पालन नहीं करता उन्हें इंपाउंड किया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

आरटीए गिरीश कुमार ने डीसी प्रीति को अवगत करवाया कि फरवरी माह में पुलिस की ओर से 2974 चालान किए हैं और 23 लाख 53 हजार 700 रुपये वसूल किए गए। इसके साथ ही आरटीए की टीमों द्वारा 115 चालान किए गए, जिसमें 38 लाख सात हजार 600 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। मीटिंग से अनुपस्थित रहने पर सीईओ जिला परिषद, डीडीपीओ तथा डीएफओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस मौके पर एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, आरटीए गिरीश कुमार, गुहला के एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, कलायत के एसडीएम अजय हुड्डा, डीएसपी गुरविंदर सिंह, डीआईओ दीपक खुराना विभिन्न विभागों के कार्यकारी अभियंता, ट्रैफिक एसएचओ रमेश कुमार व अन्य अधिकारीगण तथा कमेटी के गैर सरकारी सदस्य सतीश सेठ मौजूद रहे।

#### नियम अपनाएं

डीसी प्रीति ने जिले के सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि वे समय निकाल कर कम से कम एक स्कूल का दौरा करें और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन तथा नशे जैसी बुराई के प्रति जागरूक करें। सभी संबंधित विभाग अपनी सड़कों पर स्पीड लिमिट तथा अन्य साइन बोर्ड लगाएं। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क की साइड में लगी तारों को कवर करें। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेक्टर 18 की सड़क से जो पेड़ तो हटाए गए हैं, उनकी जड़ें भी जल्द हटवाएं।

### दो दिन के अंदर अपनी दुकानों के आगे रखा सामान व शेड हटाएं : नरेंद्र शर्मा

**राजौंद।** नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि नगर में मुख्य मार्ग व बाजार में अवैध कब्जे को लेकर पुलिस व नपा की संयुक्त रूप से टीम बनाकर इस पर कार्यवाही करेगी। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि दो दिन के अंदर अपनी दुकानों के आगे रखा सामान व शैड हटा लें। उन्होंने कहा कि जो नाले बनाए गए हैं उससे पीछे ही सामान रखें, अगर 2 दिन में यह सामान नहीं हटाया जाता, तो नगर पालिका प्रशासन पुलिस की टीम के साथ मिलकर, कार्यवाही करते हुए सामान को जब्त कर लिया जाएगा व शैड भी तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने स्वच्छता को लेकर लोगों से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों मार्केट एसोसिएशन के प्रधान द्वारा लिखित शिकायत की गई थी। जिसमें प्रधान द्वारा अवैध कब्जे हटवाने व स्वच्छता में सहयोग करने नपा का सहयोग करने की लिखित में बात कही गई थी। इस बारे उन्हें शिकायत भी दी गई थी जिस पर कार्यवाही करते हुए दुकानों के आगे बने शैड व सामान हटाया जाएगा।



जानकारी देते हुए नपा सचिव नरेंद्र शर्मा।

- पुलिस व नपा की संयुक्त टीम सख्त कार्रवाई करेगी

### तहसीलदार व नायब तहसीलदार मिले अनुपस्थित नोटिस जारी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने वीरवार सुबह सवा नौ बजे लघु सचिवालय स्थित तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यालय में अनुपस्थित मिले, जिस पर डीसी ने दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डीसी प्रीति सुबह सवा नौ बजे तहसील कार्यालय पहुंचीं। जहां उन्होंने सबसे पहले तहसीलदार कार्यालय में देखा तो कार्यालय खाली था। इसके बाद डीसी ने नायब तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। उनका कक्ष भी खाली था।

इसके अलावा उन्होंने तहसील में रजिस्ट्री प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों तथा साफ सफाई आदि का भी निरीक्षण किया। डीसी ने दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय में आएं तथा आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

सीट पर अधिकारी व कर्मचारी के न मिलने पर परेशानी होती है। लोग अपने कीमती समय में से समय निकाल कर अपने कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों में आते हैं। इसीलिए अधिकारी व कर्मचारी सुनिश्चित करें कि वे समय पर अपनी सीटों पर पहुंचे और लोगों के कार्य करें।

- डीसी ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण
- अधिकारी व कर्मचारी समय पर आएं

#### लापरवाही सहन नहीं

डीसी ने अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। सभी अपनी ड्यूटी का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले डीसी प्रीति ने लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने यहां लगाए गए सुरक्षा उपकरणों की जांच के निर्देश दिए।

## सुंदर प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

- भव्य अंदाज के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

चौशाला स्थित च्यवन ऋषि आश्रम परिसर में भव्य अंदाज के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव के राजकीय माडल संस्कृतिक प्राथमिक पाठशाला द्वारा आयोजित उत्सव की शुरूआत सरपंच उषा देवी ने प्रधान मंदिर कमेटी ज्ञानी राम, स्कूल प्रबंध कमेटी प्रधान अजमेर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह, पंच रूबी, अमित, सतपाल शर्मा, स्वीता और अन्य गणमान्य लोगों के साथ गरिमापूर्ण ढंग से की। इस दौरान अध्यक्षता मुख्य शिक्षक प्रदीप कुमार ने की। आयोजन-संयोजन की कमान शिक्षक मुकेश धानियां, सुनील वर्मा, राजेश कुमार, सुनील भाल, अशोक कुमार व अन्य शिक्षक बखूबी संभाले रहे। कार्यक्रम को लेकर गांव में दीपावली व होली की तरह उत्साह बना था। हर कोई खुशी एवं उमंग के साथ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। भारी संख्या में महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चे प्रवेश उत्सव समारोह के साक्षी बने। छात्र-छात्राओं ने मंच के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में अपने कौशल का आइना ग्रामीणों को दिखाया।



कलायत। गांव चौशाला में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### शहर के विकास के लिए काम करेंगे: चेयरमैन

**पूंडरी।** पंचकूला में नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैन के शपथ ग्रहण समारोह में पूंडरी की बबली गोस्वामी ने भी चेयरपर्सन की शपथ ली है। यह समारोह प्रदेश के सभी नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैन के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बबली गोस्वामी ने चेयरपर्सन की शपथ लेकर पूंडरी शहर के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यहां बातचीत में उन्होंने कहा कि वह शहर के विकास के लिए काम करेंगी और शहर के लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगी। बबली गोस्वामी ने कहा, मैं पूंडरी शहर के विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

## वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन

- कैसे जल्दी धनवान बनें विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के कॉमर्स विभाग द्वारा विशेष वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र , मुंबई के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कुमार कथूरिया ने कैसे जल्दी धनवान बनें? विषय पर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कथूरिया इसी कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं और बी.एस.सी. के टॉपर रह चुके हैं। उनका अपने ही संस्थान में एक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक के रूप में वापस आकर विद्यार्थियों को शिक्षित करना, कॉलेज परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा। धर्मेन्द्र कुमार कथूरिया, जो पूर्व में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कैथल के निदेशक भी रह चुके हैं, ने छात्रों को वित्तीय योजना, बजट निर्माण, बचत की आदतें विकसित करना, अनावश्यक व्यय से बचाव, और बुद्धिमत्तापूर्ण निवेश जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। पीपीएफ, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।



कैथल। प्राचार्य डा. सत्यबीर सिंह मैहला मुंबई के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कुमार कथूरिया को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

- 18 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना मुख्य कार्य

**राजौंद।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजौंद के सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट की अध्यक्षता में खंड के सभी मुख्य शिक्षक, एलिमेंट्री, हेडमास्टर और प्रिंसिपल, एबीआरसी और बीआरपी की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में पूर्व प्राथमिक से 18 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना मुख्य कार्य है। हालांकि राज्य में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को 100 प्रतिशत नामांकन ठहराव रखना, अवस्थांतर करवाना, उन्हें गुणवत्ता पूरक शिक्षा प्राप्त करवाना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा दो और तीन के अनुपात में अनिवार्य अंग है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाए जाने के लिए उठाए जा रहे कल्याणकारी कदम को हमे जनता, ग्राम पंचायतों और शहरों में लेकर जाना है।



राजौंद। डीइओ रामदिया गागट स्कूलों के मुख्य शिक्षक व प्रिंसिपल।

## उद्देश्य बनाकर कार्य करना चाहिए

- रिज्यूम राइटिंग एवं इंटरव्यू स्किल्स पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के सभागार में वाणिज्य विभाग एवं कैरियर काउंसलिंग, गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में बद्दी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए रिज्यूम राइटिंग एवं इंटरव्यू स्किल्स नामक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विवि से अरुण कांत पैनोली, डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज बद्दी विश्वविद्यालय एवं डॉ राजीव कुमार द्वारा विद्यार्थियों को नौकरियों के लिए रिज्यूम में बायोडाटा और साक्षात्कार में क्या-क्या बातें महत्वपूर्ण रहती हैं उन पर विस्तार से चर्चा की गई उन्होंने इसी कड़ी में बोलते बताया कि हमें सकारात्मक सोच के साथ नित्य प्रतिदिन अपना उद्देश्य बनाकर कार्य करना चाहिए और अपने अंदर कुशलता को लगातार बढ़ता चाहिए ताकि हम इस आधुनिक युग में ऊंचाइयों पर जा सके। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य वक्ता को पौधा देकर की गई। शुरूआत में सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष, सेमिनार एवं कैरियर काउंसलिंग, गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ मनोज ने विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से रिज्यूम और साक्षात्कार की विशेषता और आवश्यकता के बारे में बताया।



कैथल। संगोष्ठी में पहुंचने पर पदाधिकारियों का स्वागत करते डा. मनोज बंसल व अन्य।

## मानसिक और सामाजिक बदलावों पर विस्तार से चर्चा

- किशोरावस्था पर केस स्टडी प्रैक्टिकल करवाई गई

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को किशोरावस्था से संबंधित आवश्यकताओं और समस्याओं पर जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। किशोरावस्था के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. निर्मल सिंहरोहा ने विद्यार्थियों को किशोरावस्था से जुड़ी समस्याओं जैसे -आत्म-विश्वास की कमी, तनाव और समय प्रबंधन के मुद्दों पर गहन जानकारी दी। किशोरावस्था 10-19 वर्ष एक महत्वपूर्ण विकास चरण है। जहां शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलाव होते हैं। उन्होंने बताया कि किशोरों को कई चुनौतियों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इन्हें प्रभावी ढंग से संभालने के उपाय भी सुझाए गए।



राजौंद। शिविर में विद्यार्थियों को संबोधितत करती प्राचार्या डा. निर्मल।

## युवा संसद में वार्तिका अव्वल

- विद्यार्थियों ने माई भारत पोर्टल पर अपने वीडियो अपलोड किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के छह विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय युवा संसद पोर्टल के माध्यम से जिला युवा संसद के लिए किया गया। चयनित विद्यार्थियों में पूजा, गर्विता, स्नेहा, वार्तिका, खुशी और लोकेश शामिल थे। इन विद्यार्थियों ने माई भारत पोर्टल पर अपने वीडियो अपलोड किए। जिला युवा संसद (ऊढ) युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित एक मंच है, जहां 18-25 वर्ष के युवा राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं, जिससे भारत के 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में योगदान मिल सके। जिला स्तरीय प्रतियोगिता बी.आर. अंबेडकर कॉलेज, कैथल में आयोजित की गई, जिसमें 80 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आरकेएसडी कॉलेज की वार्तिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला ने विद्यार्थियों को बधाई दी। सांय सत्र प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता, डॉ. रितु कांग, डॉ. सुरुचि शर्मा, अजय शर्मा, डॉ. राजेश देसवाल, डॉ. संजय गर्ग एवं श्री राजेश ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कैथल। जिला स्तरीय युवा संसद में प्रथम रही टीम। फोटो : हरिभूमि

**चुनाव** | चुनाव को लेकर शेड्यूल जारी: 12 व 13 मई को भरे जाएंगे नामांकन

# जाट हाई स्कूल सोसायटी की शासकीय निकाय के गठन के लिए एक जून को होगा मतदान

### कार्यकारणी सदस्य पद के लिए 21 हजार रुपये होगी नामांकन फीस

- 24 व 25 अप्रैल को आपत्तियां एवं एतराज प्राप्त किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसायटी की शासकीय निकाय (प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारणी सदस्य) के चुनाव को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आगामी एक जून को मतदान होना निर्धारित हुआ है।

उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के तहत आगामी नौ अप्रैल को कॉलेजियम सदस्यों की लिस्ट को समिति कार्यालय के बाहर नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। इसके बाद 24 व 25 अप्रैल को आपत्तियां एवं एतराज प्राप्त किए जाएंगे, जिनकी जांच व निर्णय एक व दो मई को जाएगी। संशोधित मतदाता सूची को पांच मई को नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा। इसके बाद 12 व 13 मई को नामांकन भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 व 15 मई को की जाएगी। इसके बाद 16 मई को सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। 19 मई को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। इसके बाद एक जून को सुबह आठ बजे से शाम दो बजे तक जाट कॉलेज कैथल में मतदान होगा। उसी दिन शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा।

#### ये अनिवार्य

उन्होंने बताया कि नामांकन भरने के लिए सोसाइटी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र के अतिरिक्त दो फोटो युक्त सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र तथा चार पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। प्रधान पद के लिए 51 हजार रुपये, उपप्रधान, महासचिव व कोषाध्यक्ष के लिए 31 हजार रुपये तथा कार्यकारणी सदस्य के पद के लिए 21 हजार रुपये नामांकन फीस होगी जोकि नॉन-रिफंडेबल होगी। नामांकन की फीस केवल डिमांड ड्राफ्ट या चैक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी।

#### चुनाव अधिकारी का निर्णय अंतिम

जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि चुनाव अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। मतदान के समय सोसाइटी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र व साथ में कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोट कार्ड साथ लेकर जरूर आए। मतदाता सूची जाट हाई स्कूल सोसायटी की वेबसाइट से भी डाउनलोड की जा सकती है।

## खबर संक्षेप



जींद। बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल के साथ शुभम व अन्य खिलाड़ी।

### बिघाना के शुभम ने बैडमिंटन में जीता ब्रांज

**अलेवा।** बिघाना के सोनीपत अकाडमी में कोचिंग ले रहे लगभग 16 वर्षीय शुभम ने गुजरात के अहमदाबाद में बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल जीता है। किशोर की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। किशोर के पिता विनोद कुमार ने बताया कि बेटे की इस उपलब्धि का श्रेय कोच हरदीप सिंह सरोहा व स्कूल स्टाफ को जाता है। गुजरात के अहमदाबाद में 20 से 25 मार्च तक आयोजित 5 दिवसीय राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेटे ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल जीतकर माता, पिता, गांव व जिले का नाम रोशन किया है।

### जिला टास्क फोर्स ने तीन बच्चों का रेस्क्यू

**कैथल।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत राज्य बाल संरक्षण आयोग व जिला टास्क फोर्स की टीम ने संयुक्त रूप से वीरवार को चीका में दुकानों पर काम कर रहे तीन बच्चों का रेस्क्यू किया। यह कार्यवाही कैथल पहुंची हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा के नेतृत्व में की गई। रेस्क्यू के बाद इन बच्चों के परिजनों को सख्त चेतावनी दी और बच्चों को उनके हवाले कर दिया गया। आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने बताया कि वीरवार को शहीद उद्यम सिंह चौक चीका में स्थित दुकानों पर यह तीन बच्चे काम कर रहे थे। दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई।

## अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित : खरीद को लेकर मंडियों में तैयारियां शुरू

# खरीद केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए मंथन, खरीद के साथ-साथ उठान कार्य में भी लाएं तेजी

### रबी मार्केटिंग सीजन 2025 के तहत सरसों की खरीद और उठान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अलग खबर

आगामी रबी फसल खरीद प्रक्रिया 2025 की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, एसडीएम जींद सत्यवान मान, नगराधीश डा. आशीष, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राजेश आर्य, डीएम हैफेड संदीप, डीएम एफसीआई केशव सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मंडियों और खरीद केंद्रों की व्यवस्थाओं, किसानों की सुविधाओं, परिवहन, भंडारण और भुगतान प्रक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सरकार द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए और खरीद प्रक्रिया से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में किसानों की सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी खरीद केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, विश्राम गृह, फसल सफाई के लिए झरनों की व्यवस्था तथा मंडियों तक सुगम पहुंच के लिए सड़कों की मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं। इसके अलावा बारिश से फसलों के बचाव के लिए तिरपाल, बारदाने, तौल मशीनों और अन्य लॉजिस्टिक आवश्यकताओं की भी समय पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की मंडियों का दौरा कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने और समय रहते सुधार कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। उठान कार्य की सुचारू व्यवस्था के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे फसल की खरीद के साथ-साथ ही उठान कार्य भी सुनिश्चित करें।



### खरीद कार्य सुचारु रूप से चल रहा

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि प्रशासन किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुएए सरसों की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित कर रहा है। रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 के तहत सरसों की खरीद पीएसएस प्राइस स्पोर्ट स्कीम योजना के तहत जारी है। जिले की विभिन्न मंडियों में सरसों की खरीद का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। जींद मंडी में गत दिवस तक 77.70 मीट्रिक टन की खरीद हुई। नरवाना मंडी में गत दिवस तक 13.60 मीट्रिक टन, उचाना मंडी में गत दिवस तक 160.30 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। जिसमें जुलाना खरीद केंद्र पर 50 मीट्रिक टन सरसों तथा सफीदों खरीद केंद्र पर 8.1 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। अलेवा मंडी और पिल्लूखेड़ा मंडी में सरसों की आवक नहीं हुई।

## गेंहू सीजन को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



जींद। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एसडीएम पुलकित मल्हौत्रा।

गेहूं सीजन को लेकर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने वीरवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और उन्हे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले मानसून के मौसम को देखते हुए सभी सम्बंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें। किसी भी विभाग को कार्य करने में अगर कोई तकनीकी बाधा आ रही है, तो उसके बारे में सूचित किया जाए ताकि समय पर समस्या का समाधान किया जा सके। एसडीएम ने कहा कि मानसून से पहले सफीदों शहर की ड्रेनों, नालों व सीवरेज आदि की साफ-सफाई की जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। इसके अलावा शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यो तथा अन्य विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की।

### आढ़ती पूंडरी मी में गेंहू नहीं डलावाएंगे : जेपी जूड



नाज मंडी कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेते आढ़ती।

*पूंडरी। अनाज मंडी एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक मंडी में प्रधान जेपी उर्फ जयप्रकाश जूड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया तथा आगामी गेहूं सीजन के दौरान संभावित समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से अतिविशिष्ट सदस्य पूर्व सरपंच ईश्वर दयाल मोहना, सतीश हजवाना, रामपाल टाया, ध्यान सिंह मूंदड़ी, धनपत बरसाना, मनोज जांबा, नरेंद्र करोड़ा, कृष्ण गोयल बनाए गए, जबकि रिंकू तुरान, गौरव शर्मा, बीरबल जाट, प्रवीण करोड़, देवी दयाल बरसाना, दीपा, रजनीश मटरवा खेड़ी, बग्गा सेठ, कर्मवीर मुंदड़ी, सतपाल, विशाल, रमेश मूंदड़ी, रमेश बरसना, सतपाल सेठ, विनोद गोयल, सेवा सिंह खारा, मनदीप वालिया, शकील, रामकुमार, सुनहरा, अजीत, वेद प्रकाश, वीरेंद्र गोयल, प्रभात गोयल, सरदार काबल सिंह व सतपाल डीग को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।*

### बडऩपुर में अवैध कब्जे हटाने की मांग, बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा

**नरवाना।** किसान नेता सतबीर सिंह की अध्यक्षता में बीडीपीओ उचाना को ज्ञापन सौंपा गया। किसान नेता ने प्रेस के माध्यम से बताया कि गांव बडऩपुर में उचाना ब्लॉक में सबसे अधिक कृषि भूमि थी लेकिन धीरे.धीरे लोगों ने अवैध कब्जे करने शुरू कर दिए। जिसके कारण 115 किलों में से आज मात्र 40 किले की बचे हैं। पूर्व पंचायतों व मौजूदा पंचायतों की मिलीभगत से यह सब हुआ है। क्योंकि पूर्व सरपंचों ने कब्जा धारकों से पैसे लेकर कब्जा धारकों के पक्ष में उगाई दी व मौजूदा पंचायत किसी की पैरवी नहीं कर रही है। इसके अलावा मेशा ने बताया कि बूढ़ी माता मंदिरए गुगा पीर मंदिरए गऊ चारानए खेत के रास्तोंए गलियोंए पुराने तालाबए जोडियाए कब्रिस्तानए स्वास्थ्य केन्द्रए आंगनबाड़ीए चैंकए चैराहों पर लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को गांव की चौपाल में 31 सदस्य कमेटी का गठन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा समाधान नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना किया जाएगा। जब तक गांव से इन अवैध कब्जों को नहीं हटाया जाता तब धरना जारी रहेगा।

### जाट एजुकेशन सोसायटी का चुनाव करवाने की मांग, 2014 से लगा सोसायटी पर प्रशासक

## खाप पंचायतों ने डीसी और डिप्टी स्पीकर को सौंपा मांगों का ज्ञापन

### चर्चा: सर्वजातीय खाप पंचायत की बैठक आजोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जाट एजुकेशन सोसायटी का चुनाव करवाने की मांग को लेकर सर्वजातीय खाप पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सोसायटी में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने के लिए चुनाव करवाने को लेकर बातचीत हुई। इसके बाद खाप पंचायतों ने डीसी व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपकर चुनाव करवाने की मांग की। इस दौरान सर्वजातीय खाप की तरफ से सुरजभान घसो, गुरविंदर सिंह संधू, दिलबाग कुंडू, सतबीर शर्मा, हरिकेश प्रधान, उमेद सिंह जागलान ने बताया कि वर्ष 2014 में जाट एजुकेशन सोसायटी पर प्रशासक नियुक्ति किया गया था। इसके बाद इस सोसायटी में कोई सुधार नही हुआ है। लगातार विद्यार्थियों की संख्या भी कम होती जा रही है। इसको देखते हुए इसमें सुधार के लिए चुनाव करवाने की जरूरत है ताकि इस सोसायटी का बेहतर सुधार करवाया जा सके। इस मामले में खाप नेताओं ने बताया कि डीसी ने उचाना एसडीएम का कार्यभार फिलहाल एसडीएम नरवाना के पास है। उनको फोन कर दो महीने में चुनाव करवाने के लिए निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि छोटूराम किसान शिक्षा समिति का चुनाव वर्ष 2014 में करवाया जाना था। उस समय सोसायटी के प्रधान दलबीर खर्ब थे। चुनाव से पहले सोसायटी की तरफ से नियमों में संशोधन हुआ था। इसमें नए मेंबर बनने के लिए कैश की बजाए चेक से रुपये समिति के खाते में जमा करवाने थे। इसके विपरित प्रधान पर आरोप लगाए गए कि उन्होंने चार हजार नए वोट जमा करवा कर बनाए गए हैं।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए खाप प्रतिनिधि।

## सांसद नवीन जिन्दल की ओर से कलायत में नवीन संकल्प शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव तारागढ़ के कम्युनिटी सेंटर में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि भूप सिंह ने किया। समाजसेवी सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिन्दल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों की सरकारी कागजातों की खामियां दूर कर, सरकारी योजनाओं का लाभ देने का सहरानिया काम लगातार किया जाता रहा है। कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र, अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। कर्मबीर सिसोदिया ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 76 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 161 लोगों को निशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 39 लोगों के निशुल्क टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद जिन्दल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं।



*24 प्रतिशत बढ़ोतरी करके जनता पर बोझ डाला*

## एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने सांसदों के बढ़े वेतन व भत्तों पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने ढांड स्थित कार्यालय में मीटिंग कर सांसदों के वेतन,भत्ते एवं पेंशन में की गई बढ़ोतरी का विरोध किया है। जिलासचिव राजकुमार सारसा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2023 से सांसदों के वेतन,भत्ते एवं पेंशन में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी करके सरकार ने जनता पर कर्ज का बोझ डाल दिया है। जिसकी संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने कहा कि इससे 3400 करोड़ रुपए प्रति वर्ष अतिरिक्त खर्च होंगे। जिसकी भरपाई आम गरीब आदमी से की जाएगी। कामरेड ने कहा कि इससे अच्छा तो सरकार मरेगा के तहत गरीबों को मिलने वाली दिहाड़ी में बढ़ोतरी कर देती जिससे गरीब आदमी का चूल्हा तो जलता। गरीबों व किसानों का कर्ज माफ कर देते जिससे उन्हें कुछ राहत तो मिलती। 3400 करोड़ रुपया बेरोजगारों को भत्ते के रूप में देते तो इससे उन्हें कुछ फायदा तो होता। उन्होंने कहा कि सांसदों के वेतन,भत्ते व पेंशन पहले से ही बहुत ज्यादा है। सांसद तो अमीर लोग ही बनते है। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य कामरेड कृष्ण चंद, रामस्वरूप, दर्शन सिंह, संजू, नरेश कुमार भी मौजूद थे।



ढांड। मीटिंग में भाग लेते एसयूसीआई कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*



## सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** बौद्ध उपासक उपासीका संघ जींद के तत्वावधान में भनते कांशी रत्न के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम नगराधीश आशीष देशवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पत्र के माध्यम से मांग की गई कि बोध गया मंदिर अधिनियम 1949 को तुरंत रद्द किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 में कहा गया कि भारत के संविधान के लागू होने पर 26 जनवरी 1950 से पहले के सभी प्रकार के कानूनी प्रावधान शून्य और अमान्य हो गए थे। फि र भी बिहार सरकार ने बोध गया मंदिर अधिनियम 1949 आज तक रद्द नहीं किया। इससे बौद्ध अनुयायियों और बौद्ध भिक्षुओं में काफ ी रोष है। देशराज सरोहा ने कहा अगर बोध गया मंदिर 1949 एक्ट तुरंत रद्द नहीं किया तो इस देश का बहुजन समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा। अगर जरूरत पड़ी तो भारत बंद करने से गुरेज नहीं करेंगे। इस अवसर पर डा. वजीर चौहान, गुरनाम सिंह बोधाचार्य व रामेश्वर मौजूद रहे।

*छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक*

## सिंगवाल में ग्रामीणों को जैविक खेती के लिए बीज वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के एनसीसी यूनिट लॉफ्टीनेंट डॉ. नयनदीप के नेतृत्व में उन्नत भारत अभियान के तहत सिंगवाल गाँव में गए। गाँववासियों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने हेतु मुफ्त जैविक बीजों का वितरण किया। छात्राओं की इस टीम के साथ अंजली व ट्रेनर प्रीति भी गए। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गाँववासियों को जैविक खेती हेतु प्रेरित किया। छात्रा समीना व मोनिका ने रागिनी गाकर जैविक खेती व सूंदर तथा स्वस्थ भारत के लिए फायदे बताए डॉ नयनदीप ने कहा कि आज हमे कीटनाशकों के प्रयोग से जहरीला अनाज खा रहे है कीटनाशक खादों के अत्यधिक प्रयोग से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां फ़ैल रही है स्वस्थ रहने हेतु जैविक खेती करनी चाहिए महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने उनके इस नेक व समाजोपयोगी कार्य हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रदीप, ग्राम सचिव सुदेश, मुख्य अतिथि एडीजी हिसार मंडल डॉ रवि किरण एवं एडीपी अमित भाटिया ने पूरी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एस डी महाविद्यालय की 15 हरियाणा बटालियन एन सी सी यूनिट की सराहना की।




### जाट हाई स्कूल सोसाइटी कैथल

Ph. 9253086900 Regd. HR-005-2016-01328)

**शासकीय निकाय के गठन हेतु चुनाव अधिसूचना**

जाट हाई स्कूल सोसाइटी कैथल के सभी कॉलिजियम सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसाइटी की शासकीय निकाय (1.प्रधान 2.उपप्रधान 3.महासचिव 4.कोषाध्यक्ष 5.कार्यकारणी सस्दय (11), के गठन हेतु चुनाव नीचे लिखे कार्यक्रम के अनुसार जाट कॉलेज कैथल में होना निश्चित हुआ है:-

| | | |
|---|---|---|
| कॉलिजियम सदस्यों की सूची (वोटर लिस्ट) का समिति के कार्यालय के बाहर नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना | 09.04.2025(बुधवार) | |
| आपत्तियां / एतराजों की प्राप्ति (ठोस प्रमाणों के साथ) | 24.04.2025 (वीरवार) से 25.04.2025(शुक्रवार) | प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| आपत्तियों की जांच तथा निर्णय | 01.05.2025 (वीरवार) से 02.05.2025(शुक्रवार) | प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| संशोधित कॉलिजियम सदस्यों की सूची नोटिस बोर्ड पर लगाना | 05.05.2025 (सोमवार) | |
| नामांकन पत्रों को भरकर प्रस्तुत करना | 12.05.2025(सोमवार) से 13.05.2025(मंगलवार) | प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| नामांकन पत्रों की जांच | 14.05.2025 (बुधवार) से 15.05.2025 (वीरवार) | प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| नामांकन वापिस लेना | 16.05.2025(शुक्रवार) | प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| चुनाव चिन्हों का आबंटन | 19.05.2025 (सोमवार) | प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| मतदान की तिथि | 01.06.2025 (रविवार) | प्रात: 08 बजे से दोपहर: 2 बजे तक |
| चुनाव परिणाम | 01.06.2025 (रविवार) | मतदान के तुरंत बाद |

नोट:- 1. चुनाव अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा, 2. चुनाव के समय कृप्या सोसाइटी द्वारा जारी अपना पहचानपत्र (Id-Card) व कोई भी एक फोटोयुक्त (Govt.Issued) पहचानपत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर कार्ड अवश्य लेकर आए, 3. मतदाता सूची संस्था की वेबसाइट jathighschoolsociety.com से भी download की जा सकती है, 4. नामांकन भरने के लिए जरूरी दस्तावेज सोसाइटी का पहचानपत्र इसके अतिरिक्त दो फोटोयुक्त (Govt. Issued) पहचानपत्र चार पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है 5. प्रधान पद हेतु नामांकन फीस रु. 51000/, उपप्रधान, महासचिव व कोषाध्यक्ष के पद हेतु नामांकन फीस रु. 31000/-,कार्यकारणीसस्दय पद हेतु नामांकन फीस रु. 21000/-रहेगी।
नोट:- सभी पदों हेतु नामांकन फीस (Non Refundable) होगी। (Payment with DD/ Cheque by applicant Name)

हस्ता- अतिरिक्त उपायुक्त कैथल कम चुनाव अधिकारी, जाट हाई स्कूल सोसाइटी कैथल।


### स्कूलों और कार्यालयों में अपना पूरा समय दें अध्यापक

## प्रवेश उत्सव को उत्साह के साथ मनाएं और अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि आगामी एक माह तक सभी अध्यापक प्रवेश उत्सव को एक अवसर के तौर पर लें। जिसमें वे सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए गंभीरता से काम करें। यह केवल ड्यूटी नहीं बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि एक भी बच्चा स्कूल से बाहर न हो। एक भी बच्चा ड्रॉप आउट न हो। प्रवेश उत्सव को उत्साह के साथ मनाएं और अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाएं। डीसी प्रीति वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा में प्रवेश उत्सव के तहत सरकारी स्कूलों के मुखियाओं को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने दो चरणों में स्कूल मुखियाओं को संबोधित किया। सुबह के सत्र में कैथल, कलायत व राजौंद और दोपहर के सत्र में गुहला, सीवन व पूंडरी ब्लॉक के स्कूल मुखियाओं को संबोधित किया। इसीलिए अध्यापक भी ऐसे बच्चे तैयार करें, जो जीवन में बड़ी सफलताएं हासिल करें और वे आपको याद करें। अध्यापक की यही सबसे बड़ी गुरु दक्षिणा हो सकती है।



डीसी प्रीति झुग्गी झोंपडी वाले बच्चों से बातचीत करते हुए व डीसी प्रीति अध्यापकों को सम्मानित करते हुए



### ऐसा स्कूल न हो जो विद्यार्थियों की कमी से बंद हो

डीसी ने कहा कि सभी अध्यापक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ऐसा स्कूल न हो जो विद्यार्थियों की कमी से बंद हो। जहां भी विद्यार्थियों की संख्या कम हैं, वहां ग्राम पंचायत, एसएमसी सदस्यों का सहयोग लेकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों की सुविधाओं व इनमें पढ़ा रहे शिक्षकों की योग्यता के बारे में बताएं। कोई बच्चा पढ़ाई में कमजोर है तो उस पर विशेष ध्यान देकर उसे आगे बढ़ाएं। डीसी ने अपना उदहारण देते हुए कहा कि जब भी उन्हें शिक्षकों से मिलने का अवसर मिलता है तो वे अपने अध्यापकों को नमन करती हैं।